Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)
Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01
सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 09-10-2021 | अंक 23
प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## छात्रवृत्ति के आवेदन में हो रही है छात्र-छात्राओं व प्रज्ञा केंद्र संचालकों को परेशानियां

### एक महीने तक अटका पड़ा रहता है आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



हजारीबाग के बरही अंचल क्षेत्र में छात्रवृत्ति को लेकर छात्र-छात्राओं व प्रज्ञा केंद्र संचालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में छात्र-छात्राओं ने बताया कि वे पिछले महीने से ही छात्रवृत्ति के आवेदन कर आस में बैठे हैं परंतु अब तक उनके आवेदन का कोई अता पता नहीं चल पा रहा है। वही इस संबंध में प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने बताया कि छात्रवृत्ति के आवेदन उन्होंने समय से कर दिया है परंतु आज तक आवेदन के वेरिफिकेशन व अप्रूवल संबंधित कुछ पता नहीं चल पाया है। बताया कि इस संबंध में रोज दर्जनों छात्र-छात्राएं आकर उनसे कई सवाल जवाब करते हैं इस वजह से उन्हें अन्य कार्यो में भी परेशानियां हो रही है। प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने बताया कि हमारे द्वारा कार्य को समय से और आवश्यक निर्देशों का पालन करते हुए किया गया परंतु विभाग की लापरवाही के कारण अब तक आवेदन का कोई अप्रूवल नहीं मिला। प्रज्ञा केंद्र संचालको का कहना है कि छात्राओं या ग्रामीणों द्वारा जो भी आवेदन दिया जाता है उसे तुरंत अप्लाई कर दिया जाता है परंतु कार्यालय द्वारा इसे कई दिनों तक अप्रूवल नहीं मिलने के कारण प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किए जाने से छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणों का गुस्सा प्रज्ञा केंद्रों पर देखा जाता है। उन्होंने बताया कि बताया कि प्रज्ञा केंद्र से अभी अंचल क्षेत्र में जितने भी जाति,आय, आवासीय के लिए अप्लाई हो रहे हैं सभी आवेदन लगभग एक-एक महीने से कर्मचारी के पास से छूटकर सीआई के पास अटका हुआ है।इस संबंध में अंचल निरीक्षक राजेश कुमार से बात करने पर बताया कि छात्रवृत्ति को लेकर हजारों आवेदन आ गए हैं, सभी आवेदनों का निष्पादन क्रमवार से किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि कहा कि हमारा प्रयास है कि जल्द ही सभी आवेदनों का निष्पादन हो एवं सभी का प्रमाण पत्र जल्द निर्गत कर दिया जाए।

## शौर्य बजाज ऑटोमोबाइल का बरही विधायक ने किया भव्य उदघाटन

### त्योहार के अवसर पर आकर्षक ऑफर उपलब्ध : सनी देव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा के डीवीसी के नजदीक शौर्य ऑटोमोबाइल बजाज शोरूम का बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। शोरूम के प्रोपराइटर समृधा शालिनी एवं शनि देव ने बताया कि शोरुम में बजाज की गाड़ियों पर त्योहार के अवसर पर डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। ग्राहक को कैश व फाइनेंस दोनों सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शोरूम में सभी गाड़ियों के मॉडल उपलब्ध हैं। बरही विधायक उमाशकर अकेला ने बजाज के प्रबन्धक को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह शोरूम खुल जाने से अब लोगों को सभी मॉडल की बाइक यहां पर उपलब्ध होगी। अपने क्षेत्र में अपनी मनपसंद रंगों में बजाज की गाड़ी आसानी से मिल जाएगी। मौके पर डॉ निजामुद्दीन, मनान वारसी,मनोहर यादव, रघुनंदन गोप, वासुदेव यादव ,सुनील साहू, समृधा शालिनी, बैजू गहलोत, मनोज यादव, उपेंद्र यादव, बद्री राम, संजय पासवान, दिलीप राम, धीरज पासवान, दामोदर पासवान, सनी देव, दुर्गेश कुमार, विकास कुमार, विकास कुमार, रमीज राजा, विकी कुमार, आशीष कुमार, सौरभ कुमार, हनी बनी आदि उपस्थित रहे।



शोरूम का उदघाटन करते विधायक अकेला यादव




## बजरंग दल एवं विहिप ने कश्मीरी हिंदुओं की हत्या व अत्याचार के खिलाफ इमरान खान का बरही चौक पर किया पुतला दहन

### आंतकवाद का मुंह तोड़ जवाब देगी भारतीय सेना : गरूदेव गुप्ता

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

कश्मीरी हिंदुओं पर आतंकवादियों द्वारा एवं आतंकवादियों का समर्थन करने वाले इमरान खान के विरोध में बरही चौक में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के द्वारा पाकिस्‍तानी प्रधानमंत्री इमरान खान का पुतला दहन किया गया। कार्यकर्ताओं ने आंतकवाद विरोधी जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओ का कहनाहै की देश की जनता एक साथ है तथा आंतकवाद का मुंह तोड़ जवाब हमारी सेना देगी। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सदस्यों ने कहा कि कश्मीर में रहने वाले हम सभी भारतीय हैं और भारतीयों पर अत्याचार करना बर्दाश्त नहीं होगा। मौके पर विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखण्ड मंत्री कैलाश ठाकुर, प्रखण्ड अध्यक्ष नन्दकिशोर कुमार, संरक्षक मिथिलेश श्रीवास्तव, बजरंग दल के सह संयोजक नितेश कुमार, संजय यादव, सिकन्दर कुमार, जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, आरएसएस के राजेश केशरी, प्रभु राणा, संजय राणा, सुमन सिंह, अभय कतारियार, सुभाष वर्णवाल, प्रभु राणा, शीतल साव, रामपदारथ शर्मा, डo कृष्णा केशरी, शंकर कुमार, राहुल राणा, अरविंद कुमार, गोलू सिंह, दसरथ यादव, गिरजा साव, महेंद्र पासवान, दीपक कुमार, भवानी प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।



पुतला दहन करते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता

## रेणु यादव ने किया ब्यूटी पार्लर व सिलाई सेन्टर का उदघाटन

### समाज के सभी वर्गो के लोगो का विकास मेरा लक्ष्यः रेणु यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही पूर्वी जिलो परिषद उम्मीदवार रेणु यादव ने हज़ारीबाग में गौरी सुंदर ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई सेंटर फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं को आगे लाने के लिए वह तत्पर हैं। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि समाज निर्माण में महिलाओं का हो बोलबाला है। इसके लिए महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है चाहे वह शिक्षा हो या राजनीतिक या फिर रोजगार। वर्तमान में समाजसेवी अनुज यादव तथा उनकी पत्नी रेणु यादव हज़ारीबाग में रहकर शिक्षा की अलख जगा रहे है। बायोलॉजी की शिक्षिका के रूप में बच्चों को शिक्षा दे रही है। तथा समाज सेवा में उनकी रुचि है। उनका कहना है कि समाज के अंतिम वर्ग तक के लोगो तक के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर डपोक पंचायत के विभिन्न गांव से युवा भी रहे।



ब्यूटी पार्लर का उदघटन करती रेणु यादव

## पंचमाधव पंचायत से रेणु देवी ने मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अन्तर्गत पंचमाधव पंचायत के लिए बसरिया निवासी सतीश यादव की पत्नी रेणु देवी ने मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश की है। दावेदारी पेश करते हुए उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र वासियों का सहयोग मिला तो गांव मे हर घर को महिलाओं को अधिकार एवं युवाओं को रोजगार दिलाना है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालय, विधवा, बुजुर्ग, असहाय लोगो को पेंशन, कच्ची गली नली को पक्की बनाने पर विशेष जोर रहेगा। किसानों के स्वरोजगार के लिए मत्स्य पालन, पशु पालन, किसान के खेतों तक उत्तम तकनीक के द्वरा सिंचाई की सुविधा, सरकारी स्कूलों मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का व्यवस्था सहित कई अन्य तकनीकों के विकास करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पंचायत वासियो से अपने पंचायत के विकास के लिये समर्थन मांगा।



मुखिया प्रत्याशी रेणु देवी

## जीप प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम एवं ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर प्रांगण की हुई साफ-सफाई एवं जमीन का समतलीकरण

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के ओरपरता ग्राम के मंदिर प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया। जीप प्रतिनधि मो कयूम ने बताया कि बहुत दिनों से कूड़ा कचड़ा जमा था तथा बहुत जगह गढ्ढा हो गया था। उन्होंने बताया कि बहुत दिनों से ग्रामीणों द्वारक मांग की जा रही थी कि समतलीकरण एवं साफ सफाई होनी चाहिए जिसकी सुनवाई करते हुए जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम ने जेसीबी मशीन एवं ट्रेक्टर से मंदिर प्रांगण में ग्राउंड को समतलीकरण एवं साफ सफाई ग्रामीणों के सहभगिता से किया। साफ सफाई तथा समतल. ीकरण से ग्रामीणों मे काफी ख़ुशी दिखी। सफाई एव समतलीकरण में सहभागिता करने वालों मे जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम, भुतपुर्व मुखिया लालमनी यादव, बा. बुलाल यादव, किशुन राणा, नदंलाल राणा, गुड्डु कुमार यादव, बालकिशोर यादव, हरिशंकर यादव, डुगीलाल राणा, बासुदेव यादव, सिकेदंर यादव, सुदामा यादव, रामेशवर राणा, युवराज राणा आदि रहें।




मंदिर प्रांगण में सफाई अभियान चलाते लोग

**अपेम लाइव न्यूज़ में खबरें प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करे। संपर्क सूत्र**

**7004315535, 9550809864, 9431129570**

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार | एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मारपीट मामले को लेकर पीड़ित पहुंचा थाना, दर्ज़ कराई प्राथमिकी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**मानव राज सिंह**

मारपीट के मामले में गोरहर क्षेत्र ग्राम जमुआ निवासी महेश सोरेन ने थाना पर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाने का मामला प्रकाश में आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जमुआ थाना गोरहर निवासी महेश सोरेन कर्नाटक के लोहा फेक्ट्री में काम करता है।उन्होंने बताया कि मेरा नाम व्हाट्सएप ग्रुप में सुरेंद्र मुर्मू के हत्या का आरोप लगाया गया था।जिसको लेकर गांव के मांझी हड़ाम द्वारा मुझे घर बुलवाया गया।जहां हम एक अक्टूबर को घर पहुंचे।वहीं 3 अक्टूबर



धायल युवक

को प्रखण्ड के सूर्यकुण्डधाम में रामजी बेसरा की अध्यक्षता में पंचायत रखा गया।जहां हम अपनी बात रखने खड़ा हुए उसी बीच बिनोद मुर्मू पिता सीताराम मुर्मू गांव डूमरडीहा अचानक पीछे से सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया।साथ ही फुलीन देवी ,मनोज मुर्मू,हीरालाल मुर्मू सभी ग्राम डूमर डीहा निवासी ने मिलकर हरवे हथियार से वार करने व जान मारने प्रयास किया गया।मामले को लेकर गोरहर थाना थाना कांड संख्या 44/021 के तहत प्राथमिकी दर्ज़ किया गया।पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी है।

## कसानो के बीच बीज का वितरण

**अपेम लाइव चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**

प्रखंड मुख्यालय में आत्मा विभाग के द्वारा उपलब्ध कराए गए सरसों बीज प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी के द्वारा किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया। मौके पर कृषि पदाधिकारी शैलेश रंजन, आत्मा से राजेश कुमार ,गणेश प्रजापति विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, दाऊद अली, बाबूलाल यादव, अनिल यादव इत्यादि लोग शामिल थे।



बिज वितरण करते पदाधिकारी व अन्य

## पिपराडीह पंचायत के गैड़ा गांव में नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में चला स्वच्छता अभियान

**अपेम लाइवः चँदवारा**

**धीरज कुमार**

चंदवारा प्रखंड अंतर्गत पिपराडीह पंचायत के गैड़ा गांव में नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में गांव को स्वच्छ व गंदगी मुक्त बनाने को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय मुखिया धीरज कुमार ने उप. स्थित युवाओं को स्वच्छता शपथ दिलाकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत किया। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र युवाओं के विकास को लेकर संकल्पित है उसने युवाओं को देश और समाज के हित में काम करने के लिए आगे आने की अपील किया। मौके पर नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक बंटी यादव ने संस्था से संबंधित बातों को रखते हुए कहा कि खेल से संबंधित




युवाओं को स्वच्छता शपथ दिलाते मुखिया धीरज कुमार

युवाओं के प्रति वाले खानों के लेखक नेहरू युवा केंद्र हमेशा काम कर रही है। मौके पर पंसस प्रतिनिधि राजेश कुमार यादव, मंटू यादव, मनोज यादव, संतोष यादव, दिनेश यादव, सुधीर यादव, दिलीप यादव, मुकेश यादव, रामबली पंडित, सूरज यादव, विकास यादव, महेंद्र यादव, जीतू यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## आदर्श मध्य विद्यालय डोमचांच मे अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाइ की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइवः चँदवारा**

**धीरज कुमार**

डोमचांच के अध्यक्ष सूर्य देव कुमार की अध्यक्षता में आदर्श मध्य विद्यालय में बैठक की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष शिव शंकर रजक एवं जिला महासचिव रवि कांत कुमार रवि मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक के दौरान सदस्यता अभियान चलाने, प्रखंड कमेटी का पुनर्गठ्न, बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं रिक्त पदों को भरने पर विचार किया गया। इस दौरान 2020 में नवनियुक्त शिक्षकों को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की सदस्यता दिलाई गई। संघ के पदाधिकारियों के द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों को सम्मान करते हुए उन्हें माल्यार्पण किया गया । बैठक में संघ की मजबूती , सघन सदस्यता एवं अन्यान बिंदुओं पर चर्चा की गई। सचिव पद पर रवि लाल एवं प्रखंड उपाध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र प्रसाद यादव का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिला महासचिव रवि कांत कुमार रवि ने चुनावी प्रक्रिया के नियम को विस्तार पूर्वक बताया व जिला अध्यक्ष शिव शंकर रजक ने शिक्षकों को बायोमेट्रिक उपस्थिति के नियम को भी बताएं और उपस्थित सभी शिक्षकों को ड्यूटी के क्षेत्र में अपनी कर्तव्यनिष्ठा के साथ कर्तव्य परायणता पर विशेष बल




नवनियुक्त शिक्षकों को माल्यार्पण करते हुए

देते हुए संगठन को और मजबूत करने की नसीहत दी। साथ ही नवनियुक्त शिक्षकों का सेवा 10 माह हो चुका है फिर भी उनका वेतन अप्राप्त है। उस पर भी काफी गहन चर्चाएं की गई और उन्हें आश्वस्त किया गया कि वेतन अभिलंब दिलाने के लिए संघ पूरी प्रयास कर रही है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष- सूर्य देव कुमार, राजेंद्र प्रसाद यादव ,किशोर कुमार सिन्हा, जागेश्वर महतो, विशेश्वर महतो, अनीता सोरेन, चंद्रशेखर सिंह, निलेश कुमार चंदन, मिथिलेश कुमार शर्मा, राजू धोबी, विश्वजीत ठाकुर, रंजन कुमार गुप्ता, मनोहर कुमार, शंकर कुमार पंडित, मनोज कुमार, संजय सिंह, महेश कुमार, दीनबंधु महत्व, सुबोध कुमार ,सरजू रजक ,जय राम शाह आदि अजप्टा के शिक्षक उपस्थिति।

## चौबे स्टेशन में जम्मू तवी सियालदह एक्सप्रेस एवं जन शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव, ग्रामीणों में हर्ष

**अपेम लाइव चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**

चौबे रेलवे स्टेशन पर शनिवार से जम्मू तवी सियालदह एक्सप्रेस एवं जन शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव होने के उपलक्ष में दोनों पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा चौबे रेलवे स्टेशन में जन शताब्दी का स्वागत फूल माला पहनाकर किया। साथ ही राज्य शिक्षा मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी और बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव का आभार व्यस्त करते साधुवाद दी। इस कार्यक्रम में चलकुशा उपप्रमुख दुर्गा प्रसाद यादव, चौबे मुखिया पति सुबोध चौधरी, खरगू




उत्साह मनाते ग्रमीण

मुखिया पति दिनेश पांडेय, पूर्व मुखिया जय देव चौधरी, अशोक यादव, राजेंद्र साव, मथुरा यादव, विजय चौधरी, गौरी शंकर ठाकुर, सीताराम, धीरज सोनी, राजेश यादव, सहदेव यादव, महादेव चौधरी, मंटू पंडित, बोधी समेत अन्य लोग शामिल थे।

## गंगपाचो में विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम गंगपाचो के नायक टोला से आरईओ रोड कल्हाबाद तक के डीएमएफटी फंड से रोड निर्माण का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव ने जिप सदस्य कुमकुम देवी के उपस्थिति में किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सबसे आवश्यक सड़क होना है। इस रोड के बनने से क्षेत्र के गांवों को परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी। यह सड़क किसानों को अपने कृषि उत्पादन को बाजार तक ले जाने में सहूलियत होगी। कुमकुम देवी ने कहा कि गंगपाचो से कलहाबाद सड़क की हालत जर्जर



सड़क का शिलान्यास करते विधायक अमित यादव व अन्य

होने से लोंगो को परेशानी होती थी। सड़क बनने से लोंगो को आवागमन की सुविधा होगी। समारोह में भाजपा नेता समन ठाकुर, सुरेंद्र पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, मो खलील अंसारी, रीतलाल प्रसाद, राजकुमार साव, सरयू प्रसाद, जागेश्वर यादव, नारायण प्रसाद समेत आदि लोग मौजूद थे।

## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी,
कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



निवेदिका :- कैशर प्रवीण

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## प्रभार में चल रहे टाटीझरिया के कई विभाग

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**

**राजु यादव**




टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय के विभिन्न विभाग प्रभारियों के भरोसे है। प्रखंड कार्यालय के कई महत्वपूर्ण पद मसलन अंचलाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ, जेई, एमओ के पद रिक्त हैं। लिहाजा प्रखंड में चल रही कई विकास योजनाएं प्रभावित हो रही है वही गरीब गुरबों को सामान्य कार्य के लिए कई बार कार्यालयों का चक्कर काटना पड़ रहा है। गौरतलब है कि टाटीझरिया को प्रखंड बने 13 वर्ष हो गये हैं। इस कालखंड में कभी भी प्रखंड के सभी रिक्त पदों को नहीं भरा गया। स्थिति यह है कि टाटीझरिया का 5 एकड़ में फैले दो मंजिला आलीशान प्रखंड कार्यालय कैंपस अधिकारियों के बिना लोगों का मुंह चिढ़ा रहा है। भवन के कमरे के दरवाजे पर विभिन्न पदों से संबंधित बोर्ड लगे हुए हैं लेकिन उसमें बैठने वाले अधिकारियों की नियुक्ति अभी तक नहीं हुई है। मजे की बात है कि टाटीझरिया में बीडीओ ही सीओ के अतिरिक्त प्रभार पर है। प्रखंड कार्यालय के कई महत्वपूर्ण पद पड़ोस के प्रखंडों के अधिकारियों के प्रभार पर है। अतिरिक्त प्रभार की वजह से अधिकारी प्रखंड कार्यालय सप्ताह में महज एक-दो दिन ही यहां पहुंचते हैं। 8 पंचायतों के लिए तीन पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवकों की संख्या भी पंचायत की तुलना में कम है। **क्या हो रहा प्रभाव** : अधिकारियों की कमी से विकास कार्यों की गति शिथिल है। कृषि आधारित प्रखंड में कृषि अधिकारी नहीं रहने से कार्य ठप है। पंचायत सचिवों की कमी से शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास आदि निर्माण की गति प्रभावित हुई है। इन सारे पदों को अतिरिक्त प्रभार के सहारे चलाया जा रहा है। जिससे संबंधित अधिकारी दोगुने बोझ तले काम करने को मजबूर हैं। स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी अपने हर दर से शिकायत के बाद इसे भाग्य भरोसे छोड़ दिया है।







विज्ञापन के लिए संपर्क करे

सोनु पंडित : संपर्क सूत्र

9550809864

## सोशल ऑडिट के डीआरपी रविन्द्र सिंह मुंडा की अध्यक्षता में हुई रूर्बन मिशन पायलट सामाजिक अंकेक्षण क्लस्टर स्तरीय जनसुनवाई

### अंकेक्षण में पाए गए लाखों रुपए की हेराफेरी, संबंधित पदाधिकारियों से की गई स्पष्टीकरण की मांग

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




ऑडिट मे शामिल पदाधिकारीगण




ऑडिट मे शामिल लोग

शुक्रवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन पायलट सामाजिक अंकेक्षण की गौरियाकरमा क्लस्टर स्तरीय जनसुनवाई बरही टाउन हॉल में हुई। सोशल ऑडिट के डीआरपी रविन्द्र सिंह मुंडा ने जानकारी देते हुए कहा कि सामाजिक अंकेक्षण 28 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक चलाया गया। उन्होंने बताया कि सोशल अ०डिट में कई मामले उजागर हुए। मामलों में पुरहरा बेन्दगी पंचायत में सामुदायिक विवाह भवन अधूरा पड़ा हुआ पाया गया, उक्त मामले को लेकर कनीय अभियंता से स्पष्टीकरण की मांग की गई। रसोइया धमना पंचायत में श्मशान घाट योजना धरातल पर नहीं पाया गया। जिला परिषद की ड्रिंकिंग वाटर आरओ एटीएम, यात्री शेड कम दुकान, प्ले ग्राउंड कम जिम रसोइया धमना में इन तीन योजनाओं का काम शुरू नही हुआ है। करसो पंचायत में ग्राम डुमरडीह में नाली निर्माण का कार्य धरातल पर नही पाया गया। गौरियाकरमा पंचायत के बिचकिल्ला, निचुतपुर में योजना क्लस्टर अप्रोच आर्गेनिक फार्मिंग दस्तावेज में पूर्ण दिख रही है परंतु धरातल पर अपूर्ण नजर आया। करसो पंचायत में जैविक क्लस्टर निर्माण का कार्य अपूर्ण है। बसरिया में चावल प्रोसेसिंग यूनिट दस्तावेज में पूर्ण है परन्तु धरातल पर अपूर्ण है। चिप्स पापड़ मेकिंग यूनिट केदारुत पंचायत में दस्तावेज में पूर्ण है लेकिन धरातल पर अपूर्ण है। जरहिया बसरिया पंचायत में स्पाइस प्रोसेसिंग यूनिट दस्तावेज पूर्ण है परंतु धरातल पर अपूर्ण है। बेन्दगी पंचायत में टोमैटो प्रोसेसिंग यूनिट दस्तावेज ने पूर्ण है परंतु धरातल पर अपूर्ण है। पोड़ैया में आंगनबाड़ी केंद्र में एक वर्ष के भीतर 14वीं वित्त एवं एनआरइपी दोनों विभागों के द्वारा मरम्मती एवं उपकरण देने का कार्य दर्शाया गया है और दोनों विभागों द्वारा खर्च का बिल प्रस्तुत किया गया है। रूर्बन मिशन के अंतर्गत क्लस्टर में 26 पॉली हाउस बनाये गए हैं जिसमे 26 महिला समूहों को जेएसएलपीएस द्वारा प्रशिक्षण देनी थी परंतु मात्र 17 महिला सदस्यों को और मात्र एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया है। बरसिया पंचायत में कोल्ड स्टोरेज का कार्य अधूरा है। जिला परिषद की पांच योजनाएं बिना स्वीकृति से अपने निर्धारित स्थल से अन्यत्र हस्तांतरित किये गए है। आंगनबाड़ी पोड़ैया, रसोइया धमना 1, बेन्दगी, कोयली में मरम्मती किये बिना भुगतान होने पर पंचायत सेवक व एनआरइपी के जेई से स्पष्टीकरण की माँग की गई है। बताया कि इसके अलावे आंग. नबाड़ी केंद्र उज्जैना में रंग रोगन एवं उपकरण बिना कार्य किये भुगतान किए जाने पर सम्बंधित पदाधिकारियों से 69,540 रुपये वसूली का निर्देश ज्यूरी मेम्बर के सदस्यों ने दिया। वहीं जिला परिषद हज़ारीबाग श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन अंतर्गत संचालित कई योजनाओं का पूर्णतः प्रमाण पत्र दे दिया गया परन्तु जांच छह योजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है लेकिन उपकरण की कोई खरीददारी नही की गई है। जिसमें स्टीटचिंग सेंटर बेन्दगी, सोलर एनेर्जीड्ड स्ट्रीट लाइट सिस्टम 250 यूनिट, स्पाइस प्रोडक्शन यूनिट पडरिमा, टोमैटो प्रोसे. सिंग यूनिट कोयली, चिप्स व पापड़ मैन्युफैक्चरिंग यूनिट देवचन्दा, पल्स व राइस प्रोसेसिंग यूनिट बसरिया शामिल है। बताया कि रुर्बन मिशन अंतर्गत गौरियाकरमा क्लस्टर में गौरियाकरमा, केदारुत, करसो, पंचमाधव बसरिया, रसोइया धमना, बेन्दगी शामिल हैं। इस जनसुनवाई में एसडीओ पूनम कुजूर, एसपीएमआरएम राज्य प्रति. निधि अभिषेक कुमार, राज्य समन्वयक सोशल ऑडिट यूनिट गुरजीत सिंह, सपोर्ट भवानी प्रसाद गुप्ता, जीप सदस्य संतोष रविदास, मंजू देवी व आमंत्रित सदस्य सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव शामिल थे।

## विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब के प्रयास से ग्रामीणों को मिला ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

**मिथिलेश गोल्डी**



ट्रांसफार्मर का उद्घाटन में मौजूद ग्रामीण

विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा स्थित तीन मील मोड़ में शनिवार को 100 केवीए नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। नवादा के मौलवी रियाज. उद्दीन ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उपस्थिति माले नेता सह बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरी है। जनता के सम्मान का भरपूर ख्याल रखा जाएगा। बताया कि बीते 15-20 दिनों से नवादा का तीन मील मोड़ समेत आसपास के टोले ट्रांसफार्मर जलने के कारण अंधकार में था। ट्रांसफार्मर के जल जाने से शाम होते हीं गांव में अंधेरा पसर जाता था। बिजली के सभी उपकरण समेत अधिकांश बिजली आधारित कामकाज ठप पड़ गए थे। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों ने इस समस्या की जानकारी बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब को दी। मामले पर तुरंत संज्ञान लेते हुए विधायक प्रतिनिधि से विभाग से वार्ता कर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। नए ट्रांसफार्मर के लगने से ग्रामीणों में काफी खुशी देखने को मिली। सभी ने माले नेता शेख तैयब का आभार जताया। मौके पर गैड़ा उपमुखिया जलील अंसारी, अजमत अंसारी, लियाकत अंसारी, अताउल्लाह अंसारी, रिजवान अंसारी, असगर अंसारी, रफीक अंसारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

दिनांक: 09-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 04

## गैस लाइन में काम कंपनी गैल के खराब कार्यशैली के वजह से महुदी–सदफार रोड गद्ढें मे तब्दील

### कंपनी की कार्यशैली काफी खराब होने के वजह से आए दिन कई गाडिया फंस जाती है : प्रदीप चंद्रवशी

**अपेम लाइव :चौपारण**
**धीरज प्रजापति**

चौपारण प्रखंड में गैस लाइन बिछाने का कार्य गैल कंपनी कर रही है। महुदी–सदाफर मुख्य मार्ग मे गैस लाइन का काम कर रहे कंपनी का कार्यशैली अपने आप मे कई सवाल खड़ा कर देते है। सड़क खद्ढे मे तब्दील हो गया है जिससे आए दिन इस सड़क पर कई गाडिया फंस जाती है, गाडी फंस जाने के वजह से जाम का स्थिति उत्पन्न हो जाता है, आम जनो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को सरकारी गाड़ी डीलर नंदकिशोर महतो के यहाँ राशन लेकर जा रहे थे


नाराज ग्रामीण

वही सरकारी गाडी बीच सड़क मे फंस गया, फिर चावल को दुसरे गाड़ी मे डालकर उसे लेजा गया। इस संदर्भ में सामाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि मानगढ़ बताते है कि गैल कंपनी सडक के साइड साइड जो गद्ढा किए थे उसे अच्छा ढंग से नही भरे है, वो जो गद्ढा भरा गया है वो नाममात्र का दिखावा ही है, जिससे सडक के साइड–साइड खोखलापन का स्थिति हो गया है। कोई भी गाडी उधर जाता है तो मिट्टी दब जाने के वजह से गाड़ी फंस जाता है। कई बार कंपनी के अधिकारी को इस बारे के बताए लेकिन उनके द्वारा कोई भी कार्रवाई नही किया गया। कंपनी के खराब कार्यशैली के वजह से आज इस सड़क पर कोई भी बडा गाडी आने से डरता है। अपेम लाइव के. माध्यम से सरकार से इस सड़क को बनाने का मांग करते है।

## सालभर भी नहीं चली करोड़ों की सडक, ठेकेदार पर कार्यवाई की मांग

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**
**राजू यादव**

एनएच–100 के सिवाने, कुबरी, अरघवा और पंडवा पुल का अप्रोच सड़क मार्ग का निर्माण हुए अभी साल भर भी नहीं हुआ है और सड़क गड्ढों में तब्दील होने लगी है। इसके वजह से यहां दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। जगह–जगह जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। इसके चलते इस मार्ग पर आवागमन करना मुश्किल हो गया है। सड़क खराब होने के चलते आए दिन दुर्घटना हो


सड़क पर बने गड्ढे

रही है। जिला परिषद सदस्य रवि सिंह ने एनएच विभाग से मार्ग के निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही के लिए ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें कि टाटीझरिया थानांतर्गत सिवाने, कुबरी, अरघवा और पंडवा पुल चारो जगह गड्ढों की वजह से एक्सिडेंटल जोन बनता जा रहा है। ज्यादातर मोटरसाइकिल सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। फिर भी अब तक यहां कोई सुधार देखने को नहीं मिला है। सडक मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति देखने को मिल रही है। जबकि निर्माण के बाद पांच साल तक ठेकेदार द्वारा सडक का मेंटेनेंस किया जाना है।

## बरसोत में बजरंग दल एवं विहिप ने किया पाकिस्तानी आतंकवादी का पुतला दहन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड़ अंतर्गत बरसोत में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा बरसोत विहिप इकाई के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह उपाध्यक्ष सुनील कुशवाहा सचिव प्रदीप कुशवाहा एवं सभी सदस्यों के नेतृत्व में पाकिस्तानी आतंकवादी इमरान खान का पुतला दहन किया


पुतला दहन करते कार्यकर्ता

गया। पुतला दहन में राजेश कुशवाहा, प्रदीप कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, मनोज वर्मा, विशाल विश्वकर्मा, राजा राम, दिलीप केसरी, सूरज राणा, पप्पू राणा, मनोज कुशवाहा, राम शर्मा, अमित कुमार, दीपक पाठक, जित्तू झारखंडी, प्रदीप साहू, अरुण साहू,लक्ष्मी साहू, आशुतोष कुशवाहा, मुकेश कुमार, वीरेंद्र कुशवाहा, दामोदर ठाकुर, रोहित, राहुल कुशवाहा एवं विहिप के अन्य सदस्य शामिल रहे।

## भारतीय जनता पार्ट्री झारखंड –मुबंई प्रकोष्ठ का कार्यकर्त्ता सम्मेलन में शामिल हुए मनोज कुमार सिंह

### महाराष्ट्र मे रह रहे झारखंड के लोगो का सेवा के लिए हमेशा संकल्पित है : मनोज कुमार सिंह

**अपेम लाइव :चौपारण**
**धीरज प्रजापति**

भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रकोष्ठ मुम्बई का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न मुम्बई – दादर के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में बीजेपी झारखंड प्रकोष्ठ कार्यकर्ता व अमृत महा. त्सव सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथी के तौर पहुचे भारतीय जनता पार्टी मुंबई अध्यक्ष मंगल प्रभात लोढ़ा, विशिष्ट अतिथी मुम्बई उपाध्यक्ष प्रभारी झारखंड प्रकोष्ठ अमरजीत मिश्र ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। तो वही झारखंड सेल के पदाधिकारीयों के साथ– साथ समाज के प्रबुद्धजनो का सम्मान भी किया गया । जिसमे प्रमुख रुप से डॉ. अमुल्य साहु, डा. जियलाल जैसवार , चाँद मिश्रा, सुखदेव यादव, जितेन्द्र सारंगी, राजेश झा, कुन्दन कुणाल रहें। इस मौके पर मौजुद सभी लोगो ने मुंबई और झारखंड के विकास मे एक दुसरे का कन्धा से कन्धा मिलाकर चलने का


कार्यकर्त्ता सम्मेलन में शामिल मनोज कुमार सिंह व अन्य

संकल्प लिया।कार्यक्रम में उप. स्थित लोगो में समाज के तमाम क्षेत्र फिल्मी, राजनीतिक, आर्थिक, समाजिक क्षेत्र से जुड़े झारखंड समाज के प्रमुख विशिष्टजनो की खास मौजुदगी रही। कार्यक्रम में झारखंड बीज. पी प्रकोष्ठ मुम्बई के गतिविधि को लेकर खास चर्चा हुई। तो वही कार्यक्रम में झारखण्ड बीजेपी सेल मुम्बई के नवनियुक्त अध्यक्ष सह भावी जिला परिषद भाग–2 के उम्मीदवार ठाकुर मनोज कुमार सिंह ने संकल्प लेते हुये कहे की मुम्बई में रह रहे झारखण्ड के लोगो की सेवा के लिये हम हमेशा संकल्पित है। साथ साथ मुम्बई के सभी छह जिला अध्यक्ष, सुरेन्द्र दास, झरीलाल पंडित, अशोक सिंह, योगेन्द्र प्रसाद, सुशिल ठाकुर, रमेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी शत्रुघन सिंह व उपाध्यक्ष गणेश गुप्ता ने कार्यक्रम को चार चांद लगाया । घोषित कार्यक्रम का सफल संचालन आत्म निर्भर भारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम कुमार ने किया।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा किया गया मास्क का वितरण

### श्रद्धालुओं के बीच लगातार वितरण की जाएगी मास्क : सचिव दीप नारायण निषाद

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा झारखंड सरकार की गाइडलाइन आने के बाद पूजा अर्चना उसी गाइ. डलाइन के अनुसार की जा रही है उसी क्रम में पुजा पंडाल मे आने वाले तमाम श्रद्धालुओं के बीच मास्क का वितरण किया गया। सचिव दीप नारायण निषाद ने बताया की झारखंड सरकार के गाइ. डलाइन के अनुसार महासमिति पूजा अर्चना कर रही है इसी क्रम में आज पूजा पंडाल मे आने वाले श्रद्धालुओं के बीच मास्क का वितरण किया गया और सभी लोगो को मास्क पहने को लेकर जागरूक किया गया। श्रद्धालुओं के बीच मास्क का वितरण लगातार किया जाएगा। साथ ही साथ पूजा पंडाल से 100 गज की दूरी पर सेनीटाइजर मशीन भी लगाएं जाएंगे ताकि


मास्क वितरण करते समीति के लोग

सत्तमी,अष्टमी और नवमी को आने वाले श्रद्धालु स्वयं सेनीटाइज होकर पूजा पंडाल में प्रवेश कर सकें। कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा की हमारे महासमिति के द्वारा प्रतिदिन संध्या आरती लाइव की जा रही है मैं तमाम श्रद्धालुओं से अनुरोध करूंगा कि वह लाइव में अवश्य जुड़े और मां की आरती का आनंद लें साथ ही पूजा से संबंधित सभी चीजें सोशल मीडिया के माध्यम से अपलोड की जा रही है। मौके पर कोषाध्यक्ष बाल गोविंद निषाद,मीडिया प्रभारी प्रमोद खण्डेलवाल,दिलीप सोनी,नरेश निषाद,उपेंद्र कुमार सिन्हा,बिनोद केशरी,सह संयोजक रितेश खण्डेलवाल,रा. जेश सिन्हा राजू,लक्ष्मण निषाद, ऋषभ ऋषि, शाहिल कुमार सहित दर्जनों सदस्यगण उप. स्थित थे

**आज का पचिंाङ्ग-**

आज का अंग्रेजी दिनांकः- 10.10.2021
शुभसंवत् :-2078 (आनंद)
शके :- 1943
याम्यायन सौम्यगोले
ऋतुः---शरद
माह :-अश्विन
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---चतुथ्ह तिथि प्रातः 08:52 तक उपरांत पंचमी तिथि
दिन :---रविवार
नक्षत्रः---अनुराधा नक्षत्र
योगः---आयुष्मान
करणः---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:12
सूर्यास्त : संध्या 05:48
सूर्य :---कन्या राशि में
चंद्रमा :---वृश्चिक राशि में

आज का राहूकाल संध्या :---04:30 बजे से संध्याः---06रू00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तरू---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
नोटः--कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभि. जीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है।

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज से नवरात्र का चतुर्थ दिन है आज माँ कुष्मांडा की पूजा होगी।



आलेखः---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

APEM LIVE

## आतंकवाद के विरोध में बजरंग दल ने पाकिस्तान पीएम का पुतला फूंका

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार गोल्डी**

विहिप व बजरंग दल विष्णुगढ़ प्रखण्ड इकाई द्वारा शनिवार को कश्मीरी हिन्दू व सिखों को निशाना बनाए जाने के विरोध में जुलूस निकाला गया। विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर से पैदल मार्च करते हुए कार्यकर्ता सातमील चौक तक गए। सातमील मोड़ पर जिहादी आतंकवाद व पाकिस्तान पीएमके विरोध में पुतला बनाकर दहन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड सह संयोजक दिलीप साव ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित जिला सह संयोजक वरुण


पुतला दहन करते कार्यकर्ता

कुमार ने कहा की पाक अधिकृत कश्मीर में हिदुओ व सिखों पर अत्याचार के विरोध में जि. हादी आतंकवाद और पाकिस्तान के पीएम इमरान खान का पुतला दहन किया गया। कहा कि कश्मीर में एक बार फिर से 90 के दशक जैसा चुन–चुन कर हिंदुओं की हत्याएं की जा रही है। यह सब सीमा पार से पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादियों द्वारा किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35ए के हटने के बाद अब अफगानिस्तान में तालिबानी शासन के कारण आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि हुई है। बजरंग दल कश्मीर के हिंदू समाज के साथ पूरी शक्ति से खड़ा है ओर आगे भी रहेगा। मौके पर प्रखन्ड अध्यक्ष शंकर सोनी, मंत्री सिकन्दर साव, छात्र प्रमुख बबलु गुप्ता, सह संयोजक शंकर कसेरा, विष्णु कुमार, प्रकाश महतो, शिवम पांडेय, दशरथ महतो, हेमलाल महतो, विनय कुमार, धनंजय महतो, दीपक दास, प्रकाश कुमार, नागेश महतो समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी